# University in News on 25 June 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : महिला अध्ययन में लैंगिक संवेदनशीलता की पढ़ाई करेंगी छात्राएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन संस्थान की छात्राएं लैंगिक संवेदनशीलता की भी पढ़ाई करेंगी। इसके अलावा उन्हें महिला एवं जीवन कौशल से जुड़ा व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाएगा। यह सभी विषय उनके कोर्स का हिस्सा बनाए गए हैं जिन्हें फैकल्टी बोर्ड की बैठक में स्वीकृति दे दी गई है।

**कोर्स में शामिल किया गया पाठ**

महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव के मुताबिक, लैंगिक संवेदनशीलता, महिला एवं जीवन कौशल जैसे विषय इंट्रा डिपार्टमेंटल कोर्स के तौर पर पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। इन्हें तीसरे और चौथे सेमेस्टर की छात्राएं पढ़ेंगी। इससे उन्हें समाज और महिलाओं के प्रति व्यवहार को समझने में विशेषज्ञता हासिल होगी। एमए तीसरे सेमेस्टर में छात्राएं क्रिएटिंग जेंडर सेंसिटीविटी को पढ़ेंगी जिसे दूसरे विभागों की छात्राएं भी पढ़ सकेंगी। इसमें उन्हें लिंग संवेदीकरण और उससे जुड़ी केस स्टडी के बारे में पढ़ाया जाएगा। जबकि चौथे सेमेस्टर में जीवन में चुनौतियों और उनसे निपटने के स्किल्स की जानकारी दी जाएगी। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### लविवि : आवेदनों की स्क्रीनिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी**

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि अपने अंतिम चरणों में है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों के प्रवेश फार्म में सम्मिलित किए गए प्रमाण पत्रों की स्क्रीनिंग सहित अन्य कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। विवि के प्रवक्ता का कहना है कि अभ्यर्थी 30 जून तक प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आगे की प्रक्रियाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

लखनऊ विवि ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 29 मार्च और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए 7 अप्रैल से आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद फार्म भरने की तिथि को विस्तार देते हुए अभ्यर्थियों को 30 जून तक आवेदन फार्म भरने का मौका दिया गया।

आवेदन की अंतिम तिथि करीब आने से पूर्व ही विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों द्वारा किये गए आवेदन में सम्मिलित प्रमाण पत्रों की स्क्रीनिंग आरंभ कर दी है। बताते हैं कि ऐसा इसलिए, क्योंकि सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व निर्धारित हो सकें।

**प्रवेश परीक्षा के लिए भी तैयारी तेज**

आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होते ही लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति प्रवेश परीक्षा कराएगी। इसको लेकर विवि प्रशासन ने पूर्व से ही तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि यूजी स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में 4250 सीट और पीजी कोर्सों में 5062 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसको लेकर अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किये जा रहे हैं। अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। ऐसे में अन्य प्रक्रियाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

## HINDUSTAN PAGE 6

### बीबीए, बीकॉम और राष्ट्र गौरव के नतीजे जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के तहत स्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीबीए एनईपी मैनेजमेंट, इंटरनेशनल बिजनेस, मैनेजमेंट साइंस के चतुर्थ, बीकॉम एनईपी कॉमर्स के द्वितीय और राष्ट्र गौरव का परीक्षाफल घोषित किया गया है।